# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 11.11.2024 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर ", दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, आज, राष्ट्रीय सहारा, जनसंदेश टाइम्स, तरूणमित्र न्यूज, परफेक्ट मिशन, जागरूक एक्सप्रेस, "समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## दैनिक जागरण–दि0 11.11.2024

# अधिकारियों ने बच्चों के साथ बनाई पेंटिंग



प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग और छावनी परिषद के सीईओ सत्यम मोहन● जागरण



कार्यक्रम में अर्बन फूड कोर्ट की ओर से लगाया गया स्टाल●

**जागरण संवाददाता, वाराणसी :** नेहरू पार्क में छावनी परिषद, वाराणसी विकास प्राधिकरण और बनारस गिरी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को यातायात जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें यातायात प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक, योग, नृत्य, स्केटिंग, मार्शल आर्ट, कराटे आदि कार्यक्रम हुए। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी सत्यम मोहन ने स्वयं बच्चों संग पेंटिंग बनाई।

वहीं 39 जीटीसी बैंड पार्टी ने धुन के जरिए राष्ट्र भक्ति का संदेश दिया। इसमें गोपी राधा स्कूल, सेंट मैरी कान्वेंट, डालिम्स, सनबीम, धीरेंद्र महिला विद्यालय, एपीएस व 39 जीटीसी केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम पेश किए।

इस दौरान फूड स्टाल भी लगाए गए थे। 39 जीटीसी के ब्रिगेडियर अनिर्बान दत्ता, एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया, अपर पुलिस आयुक्त एस चिनप्पा, कर्नल केएम सिंह, डा. रवि सिंह, अर्बन फूड कोट के डीके मिश्रा, सचिन श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

## अमर उजाला–दि0 11.11.2024

आयोजन

मशहूर गायक कविश सेठ ने शानदार प्रस्तुति दी, पहलवानों ने कुश्ती का किया प्रदर्शन

# बनारसगिरी में सड़क पर एक साथ योग, जुम्बा और अखाड़ा

माई सिटी रिपोर्टर

वाराणसी। देसी विदेशी कलाओं के संगम के साथ बनारस में पहली बार बनारसगिरी जैसा अद्भुत आयोजन हुआ। सड़क पर एक साथ योग, जुम्बा, सेल्फ डिफेंस, स्केटिंग, और कुश्ती के साथ ही स्कूलों बच्चों और कलाकारों ने हुनर का प्रदर्शन किया। आयोजकों ने कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए 29 दिसंबर को बनारसगिरी 2.0 की घोषणा की।

छावनी परिषद वाराणसी, वाराणसी विकास प्राधिकरण और यंग इंडियंस टीम की ओर से कैंट छावनी के नेहरू पार्क में रविवार की सुबह छह बजे से बनारसगिरी कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम का आगाज योग और ध्यान से हुआ। अलग-अलग जगहों पर जुम्बा, सेल्फ डिफेंस और अखाड़े में पहलवानों ने कुश्ती के दांव-पेंच का प्रदर्शन किया।





योग करती बच्ची और जुम्बा करतीं युवतियां। अमर उजाला

फेस पेंटिंग, टी-शर्ट पेंटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं हुईं। यातायात नियमों का पालन करने के लिए नुक्कड़ नाटक हुआ। आर्मी बैंड ने संदेसे आते हैं... गीत की मार्मिक प्रस्तुति दी। मशहूर कवि, गायक व गीतकार कविश सेठ ने हिंदी बोले तो बोले... समेत कई गीतों की प्रस्तुति से सभी को मुग्ध कर दिया। वीडीए वीसी पुलकित गर्ग और एडीजी पीयूष मोर्डिया ने दीवारों पर कलाकृतियां भी बनाईं। छोटे बच्चों ने राष्ट्रध्वज हाथों में लेकर स्केटिंग का प्रदर्शन किया। संचालन दुर्गेश ने किया। इस मौके पर कैंटोनमेंट सीईओ सत्यम मोहन, ब्रिगेडियर अनिर्बन दत्ता समेत यंग इंडियंस की पूरी टीम रही।

### विजेताओं को मिले पुरस्कार

फेस पेंटिंग, टी-शर्ट पेंटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को कैश प्राइज दिए गए। प्रथम को 7500, द्वितीय को 5000 और तृतीय को 2500 रुपए इनाम में मिले। फेस पेंटिंग में आस्था व अंशिका ने प्रथम, आदित्य व अर्श ने द्वितीय और प्रीति व मोनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टी-शर्ट पेंटिंग में प्रथम स्थान सिखी कुमारी, द्वितीय खुशी और तृतीय आकांक्षा को मिला। पोस्टर मेकिंग में आराध्य तुलस्यान प्रथम, आशी सिंह द्वितीय और आराध्य तृतीय स्थान पर रहीं।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## हिन्दुस्तान–दि0 11.11.2024

कैंटोमेंट बोर्ड और वीडीए की पहल से आयोजन: कुश्ती, जुंबा डांस, योग, तलवारबाजी, पेंटिंग, कलरीपयट्टू ने खूब लुभाया

# बनारसगीरी में दिखी काशी की मस्ती और कलात्मकता

**अनूठा उत्सव**

वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता। बनारसगीरी सेलिब्रेटिंग स्ट्रीट्स में काशीवासियों ने खूब मस्ती की। स्वास्थ्य, सड़क सुरक्षा पर जागरूकता के साथ जुंबा डांस पर लोग थिरके। 39 जीटीसी के आर्मी बैंड ने देशभक्ति गीतों से समां बांधा।

नई दिल्ली और गुरुग्राम में राहगीरी की तर्ज पर रविवार को कैंटोमेंट क्षेत्र में पहला आयोजन 'बनारसगीरी' हुआ। हजारों में लोग यहां पहुंचे और व्यस्ततम जीवन के दौर में कुछ पल खुलकर बिताए। कैंटोमेंट बोर्ड, वीडीए और दस इंडियन्स के आयोजन में अखाड़ा स्वामीनाथ तुलसीघाट के पहलवानों के दांव देखने को मिले तो नन्ही मानवी की प्रतिभा दिखी।

योग, संगीत, साइकिलिंग, तलवारबाजी के साथ स्केटिंग, पेंटिंग में बच्चों की रचनात्मकता सामने आई। फेस पेंटिंग में बच्चों, युवाओं ने अपने चेहरों पर चित्र बनवाए जिससे बनारसगीरी की रंगत और निखर गई। मार्शल आर्ट की विधा कलियरीपयट्टू के प्रदर्शन के दौरान लोगों ने दांतों तले उंगली दबा ली। कई अफसरों ने पुशअप प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग अव्वल रहे।

कैंटोमेंट बोर्ड के सीईओ सत्यम मोहन ने कहा कि छावनी क्षेत्र के लोगों के साथ बड़ी संख्या में शहर के विभिन्न इलाकों के सभी आयु वर्ग के लोगों ने हिस्सा लिया। उन्होंने ने अगले माह अंतिम रविवार को 'बनारसगीरी' का आयोजन करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हर माह यह कार्यक्रम होगा।





बनारसगीरी सलिब्रेटिंग स्ट्रीट्स के दौरान युवाओं ने कलरीपयट्टू का हैरतअंगेज करतब दिखाया (बाएं) तथा (दाएं) लड़कियों ने जुंबा डांस के साथ इस कार्यक्रम का खूब लुत्फ उठाया। • हिन्दुस्तान



किसी को हार्ट अटैक आए तो कैसे बचाएं, इस बारे में डॉ. शिवशक्ति द्विवेदी ने बताया।



फेस पेंटिंग का भी क्रेज रहा। युवतियों ने तरह-तरह के रूप बनाए। • हिन्दुस्तान

### कचरे से बने उत्पाद

बनारसगीरी का एक प्रमुख आकर्षण कचरे की रीसाइकिलिंग से बने उत्पाद रहे। कूड़ा बाजार, स्क्रैपशाला आदि संस्थाओं ने काउंटर लगाए थे और लोगों को बेहतर उत्पाद बनाने की जानकारी भी दी। लोगों ने इसे खूब पसंद किया।

### पोस्टर मेकिंग में आराध्या प्रथम

विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों, युवाओं को पुरस्कृत किया गया। पोस्टर मेकिंग में आराध्या तुलस्यान प्रथम, आशी सिंह द्वितीय और आराध्या चक्रवाल तृतीय, टी-शर्ट पेंटिंग में सिखी कुमारी प्रथम, खुशी द्वितीय, आकांक्षा को तृतीय पुरस्कार मिला। फेस पेंटिंग में प्रथम पुरस्कार आस्था, दूसरा पुरस्कार आदित्या कन्नौजिया व तीसरा अर्श विनायक ने जीता। सांत्वना पुरस्कार प्रीति व मोनिका को मिला। छावनी परिषद के अध्यक्ष ब्रिगेडियर अनिर्बान दत्ता, एडीजी पीयूष मोर्डिया, एडिशनल पुलिस कमिश्नर एस. चिन्नपा, वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, सीईओ सत्यम मोहन, एयरकमोडोर कुनाल काला, कर्नल केएम सिंह, कंजरवेटर डॉ. रवि सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रथम पुरस्कार 7500 रुपये, दूसरे पुरस्कार में 5000 रुपये व तृतीय पुरस्कार के रूप में 2500 रुपये और प्रशस्ति पत्र दिए गए।

**जीने की राह**

### तनाव से हर उम्र के लोग पीड़ित



युवा मनोवैज्ञानिक शिवि भट्ट ने काउंसिलिंग की। 50 से अधिक लोग सलाह लेने पहुंचे। उन्होंने कहा कि कक्षा आठ के छात्र से लेकर बुजुर्गों तक में अलग-अलग कारणों से तनाव, अवसाद है। बच्चों में भविष्य और अभिभावकों की उम्मीदों पर खरा उतरना चिंता का कारण है तो बुजुर्ग अकेलेपन से जूझ रहे हैं। सभी को गहरी सांस के माध्यम से ध्यान मुद्रा का अभ्यास कराया गया।

आज–दि0 11.11.2024

# बनारस गिरी में विविध कलाओं के प्रदर्शन ने बिखेरी अनुपम छटा

वाराणसी में छावनी प्रशासन और वाराणसी विकास प्राधिकरण के सहयोग से रविवार को बनारसगिरी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान नेहरू पार्क और उसके आसपास कई गतिविधियां आकर्षण का केंद्र बनीं। इस कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात प्रबंधन, पेंटिंग्स, नुक्कड़ नाटक, योग, जुम्बा डांस, स्केटिंग, मार्शल आर्ट, कराटे, और फेस पेंटिंग जैसे दर्जन भर से अधिक इवेंट्स ने लोगों का ध्यान खींचा। ३९ जीटीसी के आर्केस्ट्रा बैंड ने संदेशे आते हैं और अन्य देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियाँ देकर लोगों का मन मोह लिया। सेंट मैरी कान्वेंट स्कूल, डालिम्स, सनबीम, गोपी राधा स्कूल, धीरेंद्र महिला विद्यालय, एपीएस और ३९ जीटीसी केंद्रीय विद्यालय के बच्चों के उत्साहपूर्वक प्रतिभाग ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। इस अवसर पर हर वर्ग के लोगों के साथ–साथ ३९ जीटीसी के ब्रिगेडियर अनिर्बान दत्ता, छावनी के मुख्य अधिशासी अधिकारी सत्यम मोहन, वीडिए के वीसी पुलकित गर्ग, एडीजी पुलिस पीयूष मोर्डिया, एपीसी एस चिनप्पा, एयर कोमोडोर कुणाल काला, कर्नल के एम सिंह, और डाक्टर रवि सिंह जैसे कई प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। लगभग एक किलोमीटर के दायरे में चल रहे इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के आकर्षक स्टॉल भी लगाए गए थे। मुख्य अधिशासी अधिकारी सत्यम मोहन और पुलकित गर्ग ने कार्यक्रम के समापन पर धन्यवाद ज्ञापित किया और साल के अंत में एक बड़े आयोजन की घोषणा भी की।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## राष्ट्रीय सहारा–दि0 11.11.2024

# छावनी में 'बनारसगिरी सेलेब्रिटंग स्ट्रीट्स' कार्यक्रम

**वाराणसी (एसएनबी)।** छावनी क्षेत्र में छावनी परिषद व वीडीए ने स्वास्थ्य, कल्याण और सामुदायिक भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'बनारसगिरी- सेलेब्रिटंग स्ट्रीट्स' नामक अनूठा सड़क कार्यक्रम आयोजित किया। यह आयोजन प्रातः 6:30 बजे से 9:30 बजे तक छावनी क्षेत्र स्थित नेहरू पार्क व नेहरू पार्क सर्किल में हुआ, जिसमें लगभग 1000 लोग शामिल हुए। इसमें छावनी क्षेत्र की जनता, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं और शहर के विभिन्न आयु वर्गों के लोग शामिल हुए। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इसमें जुम्बा, कराटे, योग, अखाड़ा प्रदर्शन किया गया। पोस्टर बनाना, फेस पेंटिंग, वाल पेंटिंग, डीआईवाई वर्कशॉप आयोजित हुए। स्केटिंग, ट्रैकिंग, साइकिलिंग जैसी गतिविधियां की गईं। विशेष रूप से केरल की प्राचीन मार्शल आर्ट कलरिपायेट्टू का सजीव प्रदर्शन किया गया। 39 गोरखा प्रशिक्षण केंद्र के आर्मी बैंड ने देशभक्ति से जुड़े गीत-संगीत की प्रस्तुति दी।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट के छात्र-छात्राओं द्वारा वॉल पेंटिंग की गई, जो आकर्षण का केंद्र बनी। कार्यक्रम सहयोगियों ने



अपने-अपने स्टाल लगाए, जहां लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य और फिटनेस से जुड़े पहलुओं की जानकारी दी गई। समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। पोस्टर मेकिंग में प्रथम पुरस्कार अराध्या तुलस्यान, द्वितीय पुरस्कार आशी सिंह, तृतीय पुरस्कार अराध्या चकवाल को प्रदान किया गया। टी-शर्ट पेंटिंग में प्रथम पुरस्कार सिखी कुमारी, द्वितीय पुरस्कार खुशी, तृतीय पुरस्कार आकांक्षा को मिला। फेस पेंटिंग में प्रथम पुरस्कार आस्था, द्वितीय पुरस्कार आदित्य कन्नौजिया और अर्श विनायक, तृतीय पुरस्कार प्रीति और मोनिका को दिया गया। कार्यक्रम में सत्यम मोहन (मुख्य अधिशासी अधिकारी), वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, पियूष मोर्डिया (एडीजी पुलिस, वाराणसी जोन), एस. चिन्नपा (एडिशनल पुलिस कमिश्नर), ब्रिगे. अनीर्बान दत्ता (अध्यक्ष, छावनी परिषद), कुनाल काला (एयरकमडोर), कर्नल के.एम. सिंह और डॉ. रवि सिंह (कंजर्वेटर फॉरेस्ट डिपार्टमेंट) शामिल थे। सत्यम मोहन और पुलकित गर्ग ने उपस्थित जनता, छात्र-छात्राओं और आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 11.11.2024

# 39जीटीसी की बैंड पर गूंजा देश भक्ति का तराना



**वाराणसी।** छावनी प्रशासन व बनारसगिरी के तत्वावधान में रविवार सुबह सुबह छावनी क्षेत्र के नेहरू पार्क के आसपास शिक्षा, स्वास्थ्य, यातायात प्रबंधन, पेंटिंग्स, नुक्कड़ नाटक, योग, जुम्बा नृत्य, स्केटिंग, मार्शल आर्ट, कराटे, फेस पेंटिंग्स जैसे दर्जन भर कार्यक्रम लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। 39 जीटीसी के आर्केस्ट्रा बैंड पर संदेशे आते है व अन्य देश भक्ति की प्रस्तुति को लोगों ने खूब सराहा।कार्यक्रम में सेंट मैरी कान्वेंट स्कूल कैन्ट,डालिम्स, सनबीम,गोपी राधा स्कूल,धीरेंद्र महिला विद्यालय, एपीएस व 39 जीटीसी केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने धमाल मचाया। इस मौके पर हर वर्ग के लोगों के अलावा 39 जीटीसी के ब्रिगेडियर अनिर्बान दत्ता, छावनी के मुख्य अधिशासी अधिकारी सत्यम मोहन, पुलकित गर्ग,वीसी, विकास प्राधिकरण, पीयूष मोर्डिया, एडीजी,पुलिस जोन, एस चिनप्पा, ए पीसी, कुणाल काला,एयर कोमोडोर, कर्नल के एम सिंह, डॉ रवि सिंह व प्रशासनिक अधिकारियों की भागीदारी पूरे समय रही। सभी कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को नगद पुरस्कार व प्रमाण पत्र दिए गए। लगभग एक किलोमीटर के दायरे में चल रहे कार्यक्रम में कई आकर्षक स्टाल भी लगाए गए थे।कार्यक्रम के बाद मुख्य अधिशासी अधिकारी सत्यम मोहन व पुलकित गर्ग वीसी विकास प्राधिकरण ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए साल के अंत में पुनः एक बड़े कार्यक्रम की भी घोषणा की।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


तरूणमित्र न्यूज–दि0 11.11.2024

# बनारसगिरी-सेलेब्रटिंग स्ट्रीट्स कार्यक्रम का अनूठा आयोजन हुआ छावनी क्षेत्र में

## ❑ एडीजी पीयूष मोर्डिया, वीडीए वीसी पुलकित गर्ग ने प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत



बनारसगिरी- सेलेब्रटिंग स्ट्रीट्स कार्यक्रम के दौरान पेंटिंग को देखते एडीजी ज़ोन पियूष मोर्डिया, वीडीए वीसी पुलकित गर्ग व इस दौरान मौजूद सभी अफसर व विशिष्टजन



तरुणमित्र न्यूज

**वाराणसी।** छावनी क्षेत्र में शनिवार छावनी परिषद व वाराणसी विकास प्राधिकरण ने स्वास्थ्य, कल्याण और सामुदायिक भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बनारसगिरी- सेलेब्रटिंग स्ट्रीट्स नामक अनूठा सड़क कार्यक्रम आयोजित किया। यह आयोजन प्रातः 6:30 बजे से 9:30 बजे तक छावनी क्षेत्र स्थित नेहरू पार्क व नेहरू पार्क सर्किल में हुआ, जिसमें लगभग 1000 लोग शामिल हुए। इसमें छावनी क्षेत्र की जनता, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं और शहर के विभिन्न आयु वर्गों के लोग शामिल हुए। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इसमें जुम्बा, कराटे, योगा, अखाड़ा प्रदर्शन किया गया। पोस्टर बनाना, फेस पेंटिंग, वाल पेंटिंग, डीआईवाई वर्कशॉप आयोजित हुए। स्केटिंग, ट्रैकिंग, साइकिलिंग जैसी गतिविधियाँ की गईं। विशेष रूप से केरल की प्राचीन मार्शल आर्ट कलरिपायेट्टू का सजीव प्रदर्शन किया गया। 39 गोरखा प्रशिक्षण केंद्र के आर्मी बैंड ने देशभक्ति से जुड़े गीत-संगीत की प्रस्तुति दी।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट के छात्र-छात्राओं द्वारा वॉल पेंटिंग की गई, जो आकर्षण का केंद्र बनी। कार्यक्रम सहयोगियों ने अपने-अपने स्टाल लगाए, जहां लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य और फिटनेस से जुड़े पहलुओं की जानकारी दी गई। समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए।पोस्टर मेकिंग में प्रथम पुरस्कार अराध्या तुलस्यान, द्वितीय पुरस्कार आशी सिंह, तृतीय पुरस्कार अराध्या चकवाल को प्रदान किया गया। टी-शर्ट पेंटिंग में प्रथम पुरस्कार सिखी कुमारी, द्वितीय पुरस्कार खुशी, तृतीय पुरस्कार आकांक्षा को मिला। फेस पेंटिंग में प्रथम पुरस्कार आस्था, द्वितीय पुरस्कार आदित्य कन्नौजिया और अर्श विनायक, तृतीय पुरस्कार प्रीति और मोनिका को दिया गया। कार्यक्रम में पियूष मोर्डिया एडीजी पुलिस, वाराणसी जोन, एस. चिन्नपा एडिशनल पुलिस कमिश्नर, सत्यम मोहन मुख्य अधिशासी अधिकारी, वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, ब्रिगे. अनीर्वान दत्ता अध्यक्ष, छावनी परिषद, कुनाल काला एयरकमडोर, कर्नल के.एम. सिंह और डॉ. रवि सिंह कन्ज़र्वेटर फॉरेस्ट डिपार्टमेंट शामिल थे। सत्यम मोहन और पुलकित गर्ग ने उपस्थित जनता, छात्र-छात्राओं और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। साथ ही घोषणा की गई कि अगला आयोजन दिसम्बर माह के अंत में किया जाएगा।

## परफेक्ट मिशन—दि0 11.11.2024

### छावनी में हुआ बनारसगिरी सेलेब्रेटिंग स्ट्रीट्स का आयोजन

परफेक्ट मिशन



**वाराणसी।** छावनी क्षेत्र में शनिवार को छावनी परिषद व वाराणसी विकास प्राधिकरण ने स्वास्थ्य, कल्याण और सामुदायिक भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बनारसगिरी सेलिब्रेटिंग स्ट्रीट्स नामक अनूठा सड़क कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम 6.30 बजे से 9.30 बजे तक छावनी क्षेत्र स्थित नेहरू पार्क व नेहरू पार्क सर्किल में हुआ। जिसमें 1000 लोग शामिल हुए। इसका संचालन रेडियो सिटी के रेडियो जाकी द्वारा किया गया। इसमें छावनी क्षेत्र की जनता, विभिन्न स्कूलों की छात्राएं और शहर के विभिन्न आयु वर्गों के लोग शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे जुंबा, कराटे, योगा, अखाड़ा का प्रदर्शन किया गया। पोस्टर बनाना, फेस पेंटिंग, वॉल पेंटिंग, डीआईवाई वर्कशॉप आयोजित किया गया। स्केटिंग, ट्रैकिंग, साइकिलिंग जैसी गतिविधियां भी आयोजित की गई। बीएचयू फाइन आर्ट के छात्र-छात्राओं द्वारा वाल पेंटिंग की गयी जो आकर्षण का केन्द्र रही। पोस्टर मेकिंग में प्रथम पुरस्कार- आराध्या तुलस्यान, द्वितीय पुरस्कार- आशी सिंह, तृतीय पुरस्कार- आराध्या चक्रवाल को प्रदान किया गया। टी-शर्ट पेंटिंग में प्रथम पुरस्कार- सिखी कुमारी, द्वितीय पुरस्कार- खुशी, तृतीय पुरस्कार- आकांक्षा को मिला। फेस पेंटिंग में प्रथम पुरस्कार- आस्था, द्वितीय पुरस्कार- आदित्य कन्नौजिया और तृतीय पुरस्कार- प्रीति और मोनिका को दिया गया। इस कार्यक्रम में सत्यम मोहन (मुख्य अधिशासी अधिकारी), वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, एडीजी पुलिस वाराणसी जोन पियूष मोर्डिया, एडिशनल पुलिस कमिश्नर (कानून व्यवस्था) शिवसिम्पी चेनप्पा, ब्रिगेडियर अनिर्वान दत्ता (अध्यक्ष छावनी परिषद), कुनाल काला(एयर कमोडोर), कर्नल केएम सिंह और डाक्टर रवि सिंह (कंजरवेटर फारेस्ट डिपार्टमेंट) शामिल रहे। सत्यम मोहन और पुलकित गर्ग ने उपस्थित जनता और छात्र- छात्राओं का आभार व्यक्त किया। साथ ही घोषणा किया गया कि अगला आयोजन दिसंबर माह के अंत में किया जाएगा।

## जागरूक एक्सप्रेस—दि0 11.11.2024

### बनारसगिरी-सेलेब्रटिंग स्ट्रीट्स का हुआ आयोजन

जिला संवाददाता



**वाराणसी।** छावनी क्षेत्र में शनिवार छावनी परिषद व वाराणसी विकास प्राधिकरण ने स्वास्थ्य, कल्याण और सामुदायिक भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बनारसगिरी- सेलेब्रटिंग स्ट्रीट्स नामक अनूठा सड़क कार्यक्रम आयोजित किया। यह आयोजन प्रातः 6:30 बजे से 9:30 बजे तक छावनी क्षेत्र स्थित नेहरू पार्क व नेहरू पार्क सर्किल में हुआ, जिसमें लगभग 1000 लोग शामिल हुए। संचालन रेडियासिटी के रेडियो जाकी द्वारा किया गया। इसमें छावनी क्षेत्र की जनता, विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं और शहर के विभिन्न आयु वर्गों के लोग शामिल हुए। विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इसमें जुम्बा, कराटे, योगा, अखाड़ा प्रदर्शन किया गया। पोस्टर बनाना, फेस पेंटिंग, वाल पेंटिंग, डीआईवाई वर्कशॉप आयोजित हुए। स्केटिंग, ट्रैकिंग, साइकिलिंग जैसी गतिविधियां की गई। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट के छात्र-छात्राओं द्वारा वॉल पेंटिंग की गई, जो आकर्षण का केंद्र बनी। कार्यक्रम सहयोगियों ने अपने-अपने स्टाल लगाए, जहां लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य और फिटनेस से जुड़े पहलुओं की जानकारी दी गई। समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। पोस्टर मेकिंग में प्रथम पुरस्कार अराध्या तुलस्यान, द्वितीय पुरस्कार आशी सिंह, तृतीय पुरस्कार अराध्या चकवाल को प्रदान किया गया। टी-शर्ट पेंटिंग में प्रथम पुरस्कार सिखी कुमारी, द्वितीय पुरस्कार खुशी, तृतीय पुरस्कार आकांक्षा को मिला। फेस पेंटिंग में प्रथम पुरस्कार आस्था, द्वितीय पुरस्कार आदित्य कन्नौजिया और अर्श विनायक, तृतीय पुरस्कार प्रीति और मोनिका को दिया गया। कार्यक्रम में सत्यम मोहन (मुख्य अधिशासी अधिकारी), वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग, पियूष मोर्डिया (एडीजी पुलिस, वाराणसी जोन), एस. चिन्नप्पा (एडिशनल पुलिस कमिश्नर), ब्रिगे. अनीर्वान दत्ता (अध्यक्ष, छावनी परिषद), कुनाल काला (एयरकमडोर), कर्नल के.एम. सिंह और डॉ. रवि सिंह (कन्जर्वेटर फॉरेस्ट डिपार्टमेंट) शामिल थे।